## आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
## प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

**18.45 रविवार** **दिनांक 05.04.2026**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

1– केन्द्र सरकार ने आम नागरिकों को सलाह दी है कि वे एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग के लिए डिजिटल माध्यमों का ही उपयोग करें।

2– केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि बेमौसम बरसात से पीड़ित किसानों की मदद के लिए स्थिति के आंकलन के बाद आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

3– ईस्टर का पर्व आज पूरी दुनिया में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

4– मौसम विभाग ने प्रदेश में कल कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने, अंधड़ चलने, वज्रपात और ओलावृष्टि की चेतावनी दी है।

### केन्द्र सरकार–एलपीजी

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच सरकार ने आम नागरिकों को सलाह दी है कि वे एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग के लिए डिजिटल माध्यमों का ही उपयोग करें। आपूर्ति व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के लिए लागू 'डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड' डीएसी प्रणाली का उपयोग बढ़कर नब्बे प्रतिशत तक पहुंच गया है। साथ ही, बिना पते के प्रमाण के मिलने वाले पांच किलो के सिलेंडरों की मांग भी बढ़ी है, जिसकी कल रिकॉर्ड नब्बे हजार से अधिक बिक्री हुई। केन्द्र सरकार देशभर में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की उपलब्धता बनाए रखने के लिए सभी प्रयास कर रही है। सरकार ने नागरिकों से एलपीजी सिलेंडर बुक कराने के लिए डिजिटल तरीकों का उपयोग करने तथा गैस वितरकों के पास अनावश्यक जाने से बचने को कहा है।

### जन विश्वास संशोधन विधेयक

केन्द्रीय विधि और न्याय मंत्रालय में अपर सचिव के.वी. कुमार ने कहा है कि जन विश्वास संशोधन विधेयक से व्यापार और जीवन सुगम होगा। डॉक्टर कुमार ने आकाशवाणी को बताया कि इस विधेयक में तेईस मंत्रालयों से जुड़े सात सौ चौरासी प्रावधान शामिल हैं। उन्होंने बताया कि कारोबारी सुगमता को बढ़ावा देने के लिए कई प्रावधानों को अपराध की श्रेणी से बाहर कर दिया गया है।

**व्यापार को सुगम बनाने के उद्देश्य से सात सौ 17 प्रावधानों को अपराध की श्रेणी से बाहर किया गया हैं। जबकि आम लोग के जीवन को आसान बनाने के लिए 67 प्रावधानों में संशोधन किया गया है। इस विधेयक का उद्देश्य एक हज़ार से अधिक अपराधों को तर्कसंगत बनाना है, जिसमें छोट–मोटे अपराधों को हटाया गया है।**

### कृषि मंत्री–किसान

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि बेमौसमी बरसात और ओलावृष्टि से पीड़ित किसानों को चिंता करने की ज़रूरत नहीं है। उन्होंने कहा है कि सरकार स्थिति पर नज़र बनाए हुए है और किसानों को हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए संबंधित राज्यों के कृषि मंत्रियों के साथ विस्तृत चर्चा की जाएगी। श्री चौहान ने कहा कि स्थिति के आकलन के बाद जरूरी कदम उठाए जाएंगे।

### मुख्यमंत्री–माओवादी आतंक

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ अब माओवादी आतंक से मुक्त हो चुका है और अब कहीं रेड कॉरिडोर नहीं, बल्कि हर तरफ ग्रीन कॉरिडोर है। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, शहीद जवानों और बस्तर की जनता के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सफलता सामूहिक संकल्प, मजबूत रणनीति और सुरक्षा बलों के साहस का परिणाम है। उन्होंने शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उनके बलिदान से ही यह नई शुरुआत संभव हो सकी है। श्री साय ने बताया कि सरकार ने हिंसा का मार्ग छोड़ने वालों का स्वागत किया है और विकास तथा पुनर्वास पर विशेष ध्यान दिया गया है। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि अब बस्तर में शांति, सुरक्षा और विकास का नया दौर शुरू हो चुका है।

**भूकंप**

जगदलपुर में बीती रात भूकंप के झटके महसूस किए गए। रात करीब ग्यारह बजकर बत्तीस मिनट पर आए इस भूकंप के झटकों के कारण कई लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। भूकंप का केंद्र ओडिशा के कोरापुट जिले के पास बताया गया है, जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर चार दशमलव चार मापी गई है।

**साधना सप्ताह–पहल**

केन्द्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने आज नई दिल्ली में साधना सप्ताह के तहत कई पहलों का शुभारंभ किया। इनमें उन्नति पोर्टल और कर्मयोगी कर्तव्य कार्यक्रम के राष्ट्रीय स्तर पर कार्यान्वयन की रूपरेखा शामिल हैं। डॉ. सिंह ने एक विशेष सत्र में कहा कि मिशन कर्मयोगी ने पांच वर्ष पूरे कर लिए हैं। यह सरकारी कर्मचारियों की क्षमता निर्माण में महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि दो से आठ अप्रैल तक मनाया जा रहा साधना सप्ताह सरकारी अधिकारियों के बीच निरंतर सीखने की संस्कृति को मजबूत करने और कौशल वृद्धि को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखता है। उन्होंने कहा कि क्षमता निर्माण आयोग और विकासशील देशों के लिए अनुसंधान और सूचना प्रणाली के बीच क्षमता निर्माण में अनुसंधान और सहयोग बढ़ाने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

**थाना प्रभारी–निलंबित**

दुर्ग के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय कुमार अग्रवाल ने नंदिनी नगर थाना प्रभारी निरीक्षक भानु प्रताप साव को कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में निलंबित कर दिया है। वहीं, छावनी थाना प्रभारी मनीष शर्मा को हटाकर यातायात विभाग भेजा दिया है। जबकि चार उप निरीक्षकों के प्रभाव में फेरबदल किया है। इस बीच, नशाखोरी और असामाजिक गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए बीती रात दुर्ग पुलिस ने पेट्रोलिंग अभियान चलाया। इस दौरान विभिन्न थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए छियालीस चिन्हित स्थानों पर दबिश दी। साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन करने वालों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई भी की गई।

**बच्चे–मौत**

जशपुर जिले के बगीचा थाना क्षेत्र के बिसबहरी गांव में तालाब से दो बच्चों का शव मिला है। बताया जा रहा है कि ये बच्चे बीते कुछ दिनों से लापता थे, जिनकी तलाश की जा रही थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आगे की कार्रवाई कर रही है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**अग्निवीर भर्ती–आवेदन**

भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि एक अप्रैल से बढ़ाकर दस अप्रैल कर दी गई है। इच्छुक आवेदक भारतीय सेना की वेबसाइट **डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट ज्वॉइन इंडियन आर्मी डॉट एनआईसी डॉट इन** पर आवेदन कर सकते हैं। पुरूषों के लिए अग्निवीर में जनरल, तकनीकी, लिपिक, स्टोर कीपर और ट्रेडमैन के पद पर भर्ती की जाएगी। वहीं, सेना पुलिस, स्थाई कैडर नर्सिंग असिस्टेंट वेट और सिपाही फार्मा के महिला पदों पर भर्ती की जाएगी।

**राज्यपाल–जशपुर पौधारोपण**

राज्यपाल रमेन डेका ने आज जशपुर जिले के मातृत्व वन में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत सीता अशोक के पौधे का रोपण किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के माध्यम से मां के प्रति सम्मान को प्रकृति से जोड़ रहे हैं। यह पहल आने वाली पीढ़ियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के साथ–साथ सामाजिक मूल्यों को भी सुदृढ़ करेगी। उन्होंने कहा कि मातृत्व वन जैसी पहल न केवल हरित क्षेत्र बढ़ाने में सहायक होगी, बल्कि समाज में संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का भाव भी विकसित करेंगी। गौरतलब है कि लगभग दो एकड़ क्षेत्र में विकसित इस मातृत्व वन में चार सौ से अधिक विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया है।

**<u>दुर्घटना</u>**

गौरैला–पेंड्रा–मरवाही जिले के ग्राम पिपरिया में सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं, दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार पिपरिया निवासी तीन ग्रामीण मोटर साइकिल पर सवार होकर अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान पड़खुरी गांव की ओर से आ रहे एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ने उनकी मोटर साइकिल को टक्कर मार दी।

**<u>ईस्टर</u>**

ईस्टर का पर्व आज पूरी दुनिया में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। मान्यता है कि गुड फ्राइडे पर ईसा मसीह को सूली पर चढ़ाए जाने के बाद आज ही के दिन उनका पुनर्जन्म हुआ था। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के सभी गिरजाघरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। यहां विशेष प्रार्थना सभाएं भी आयोजित की गईं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सीपी राधा कृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।

**<u>मौसम</u>**

प्रदेश में कल छह अप्रैल को कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। मौसम विभाग ने एक दो स्थानों पर अंधड़ चलने, वज्रपात होने तथा ओलावृष्टि की चेतावनी दी है। ओलावृष्टि का क्षेत्र मुख्यतः मध्य और उत्तर छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है। वहीं, सात अप्रैल को प्रदेश के लगभग सभी संभागों में वर्षा हो सकती है। इसी तरह, आठ अप्रैल को दक्षिण छत्तीसगढ़ में वर्षा होने की संभावना जताई गई है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>